**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 24 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

**1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ,सदन में कहा - आई डी एफ सी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के 556 करोड़ रुपए वापिस जमा करवाए।**

**2. मुख्यमंत्री ने कहा - इस प्रकरण के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा ।**

**3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर बल दिया ।**

**4. हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा - जल्द ही प्रदेश में 450 चिकित्सक भर्ती किए जाएंगे ।**

**और**

**5. हरियाणा की सिंचाई मंत्री ने कहा - पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में चंदाना माईनर और थरोटा माईनर के पुनर्वास और मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा ।**

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक प्रकरण में आज सदन को बताया कि बैंक द्वारा हरियाणा सरकार की संपूर्ण राशि का शत-प्रतिशत भुगतान विभिन्न विभागों के खातों में कर दिया गया है। बैंक द्वारा 556 करोड़ रुपये जमा करवाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि आज देश में नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत चौकीदार है, जिनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जनता के पैसे की एक -एक पाई का हिसाब रख रही है।मुख्यमंत्री ने कहा की किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की मेहनत का पैसा है और इसे उनके कल्याण पर ही खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई उच्च स्तरीय समिति कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी।

************************************************************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी।श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन

आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के बीच सहयोग बढ़ाना और चुनावी प्रक्रिया की सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना है।

**************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज सदन को बताया कि जल्द ही प्रदेश में 450 चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी । स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा डॉक्टरों की कमी से संबंधित उठाए गए सवाल पर जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मात्र एक वर्ष में 1400 से ज्यादा चिकित्सकों की भर्ती की है जबकि वर्ष 2014 से पहले शायद एक साल में इतने ज्यादा चिकित्सक कभी भी भर्ती नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां -जहां आवश्यकता होगी, वहां -वहां डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से 150 विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की गई है और स्नातकोत्तर डिग्री करके आये नए 150 डॉक्टरों की भर्ती भी जल्द की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार हरियाणा में प्रत्येक गांव में योग सहायक की नियुक्ति भी कर रही है ताकि प्रदेश की जनता स्वस्थ रह सके।

**************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि महम विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में बाढ़ एवं जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 44 योजनाएं तैयार की गई हैं।

श्रीमती श्रुति चौधरी आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। उन्होंने आगे कहा -

**************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में चंदाना माइनर तथा थरोटा माइनर के पुनर्वास एवं मरम्मत के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

श्रीमती श्रुति चौधरी आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। सिंचाई मंत्री ने बताया कि इन चंदाना माइनर परियोजना के लिए 7 करोड़ 52 लाख 69 हजार रुपये तथा थरोटा माइनर परियोजना के लिए 9 करोड़ 99 लाख 57 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और विस्तृत अनुमान तैयार किया जा रहा है।

**************************************************************

हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि राजस्थान के धारूहेड़ा क्षेत्र से रेवाड़ी जिले के मसानी बैराज में आने वाले दूषित पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सिंचाई विभाग को व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।मंत्री राव नरबीर सिंह हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्य काल में विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने सदन को

बताया कि प्रदूषित पानी से आसपास के 16-17 गांवों की कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुई उनकी बैठक में भी इस विषय पर गंभीर चर्चा की गई।उन्होंने स्पष्ट किया कि मसानी बैराज में आने वाले पानी का प्रवाह प्राकृतिक है, जिसे पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। ऐसे में व्यावहारिक समाधान के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से जुड़ी एक समग्र योजना तैयार की जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 150 करोड़ रुपये होगी, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 100 करोड़ रुपये तथा हरियाणा और राजस्थान सरकार द्वारा 25-25 करोड़ रुपये का योगदान दिया जाएगा।

***************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के खेल अवसंरचना उपलब्ध करवा रही है।खेल मंत्री ने आज विधान सभा में बजट सत्र के दौरान सदस्य विनेश फोगाट द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने बताया-

***************************************************************